26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 2 जून, 2026

अंक- 218 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# सुप्रीम कोर्ट में पांच नये जज

## पहली बार न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हुई

### सीजेआई सूर्यकांत ने दिलाई शपथ

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज पांच नये जजों को शपथ दिलाई। इन नियुक्तियों के बाद सुप्रीम कोर्ट में जजों की कुल संख्या बढ़कर 37 हो गई। अब कोर्ट में स्वीकृत 38 पदों में से केवल एक पद खाली रह गया है।



नये जजों में वरिष्ठ वकील वेंकिता सुब्रमणि मोहना, बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री चंद्रशेखर, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा और जम्मू-कश्मीर व लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण पल्ली शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 27 मई को इन नामों की सिफारिश की थी, जिसे सरकार ने महज चार दिनों में हरी झंडी दे दी। पिछले महीने सरकार ने एक अध्यादेश के जरिए सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दी थी। इसमें मुख्य न्यायाधीश का पद भी शामिल है। संख्या बढ़ने और पहले से खाली पदों को मिलाकर कुल छह पद खाली थे। पांच नई नियुक्तियों के बाद अब केवल एक पद रिक्त है। हालांकि, जून के महीने में दो जज रिटायर होने वाले हैं। जस्टिस पंकज मिथल 16 जून को और जस्टिस जेके माहेश्वरी 28 जून को रिटायर होंगे। वरिष्ठ वकील वेंकिता सुब्रमणि मोहना की नियुक्ति काफी महत्वपूर्ण है। वे जस्टिस इंदु मल्होत्रा (2018) के बाद देश की दूसरी ऐसी महिला वकील हैं, जिन्हें सीधे बार से सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया गया है। 59 वर्षीय मोहना ने 1988 में कोयंबटूर लॉ कॉलेज से पढ़ाई पूरी की थी। साल 2015 में उन्हें वरिष्ठ वकील का दर्जा मिला था। अब सुप्रीम कोर्ट में दो महिला जज हो गई हैं- जस्टिस मोहना और जस्टिस बी वी नागरत्ना।

# पहलगाम हमले की जांच में पाकिस्तानी कनेक्शन मिला

### NIA बोली- चीनी मोबाइल PAK के पते पर भेजे

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** पहलगाम हमले की जांच में पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) के मुताबिक पहलगाम अटैक के आतंकियों के मोबाइल में बायसरन इलाके की लोकेशन पहले से थी। फोन की फोरेंसिक जांच में सामने आया है कि बायसरन इलाके की जियोग्राफिकल लोकेशन नेविगेशन एप में रिकॉर्ड थी। लोकेशन के स्क्रीनशॉट फोन में सेव किए गए थे। NIA सूत्रों के मुताबिक आतंकियों ने अटैक की तैयारी पहले से कर रखी थी। हमले से करीब एक हफ्ते पहले बायसरन की रेकी की थी। आतंकियों के इस्तेमाल किए 2 चीनी मोबाइल पाकिस्तान के पते पर भेजे गए थे। सप्लाई चेन रिकॉर्ड से पता चला कि ये फोन कराची और लाहौर के एड्रेस पर डिलीवर किए गए थे। सूत्रों के मुताबिक बायसरन इलाके के स्क्रीनशॉट 15 और 16 अप्रैल 2025 को लिए गए थे। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम से 6km दूर बायसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था।







## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज



मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

# मुख्यमंत्री ने किया विदुर प्रेरणा कैफ़े का उद्घाटन

## आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में बिजनौर का अभिनव मॉडल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सोमवार को आलमपुर गांवड़ी में विदुर प्रेरणा कैफे का उद्घाटन किया गया। यह कैफे उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (UPSRLM) के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित एक अभिनव पहल है, जो स्थानीय उत्पादों, पारंपरिक व्यंजनों एवं स्वदेशी उद्यमिता को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड के अंतर्गत प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया तथा स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आजीविका संवर्धन एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड जनपद बिजनौर का 'एक जनपद–एक ब्रांड' मॉडल है, जिसे स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों, स्थानीय व्यंजनों, हस्तशिल्प एवं ग्रामीण उत्पादों को संगठित बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित



किया गया है। यह मॉडल वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की अवधारणा को धरातल पर साकार कर रहा है।

**विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उत्पादन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, विपणन एवं डिजिटल बिक्री से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। वेबसाइट एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री, ऑर्डर प्रबंधन एवं सप्लाई चेन का प्रभावी संचालन किया जा रहा है।**

### प्रमुख उपलब्धियां

- 2.50 लाख से अधिक दीदियां UPSRLM से जुड़ी हुई हैं।
- 42+ विदुर प्रेरणा कैफे संचालित हैं।
- 102+ विदुर प्रेरणा आउटलेट संचालित हैं।
- 10 करोड़ से अधिक का कुल कारोबार।
- 30000+ लखपति दीदियां तैयार हुई हैं।
- डिजिटल सप्लाई चेन हेतु वेबसाइट एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकसित।

# किसान के खाते से 6 किस्तों में 60 हजार रुपये निकाले

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम पदमपुर निवासी किसान सत्यदेव शर्मा के बैंक खाते से एईपीएस के जरिये 60 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। यह रकम राजस्थान, छत्तीसगढ़ और त्रिपुरा राज्य के खातों में ट्रांसफर हुई है। पीड़ित की तहरीर पर मंडावर थाने में आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। 6 किस्तों में पैसे निकाले गये। सत्यदेव शर्मा पुत्र बाबूराम शर्मा 27 मई को बैंक पहुंचे तो पता चला कि उनके खाते से 25 मार्च, 27 मार्च, 22 अप्रैल, 24 अप्रैल, 25 अप्रैल और 26 अप्रैल को 10–10 हजार कर कुल 60 हजार रुपये निकल चुके हैं। बैंक मैनेजर ने बताया कि सभी ट्रांजेक्शन एपीईएस (आधार पेमेंट सिस्टम) से हुई हैं। यह रकम छह किस्तों में दस हजार रुपये राजस्थान राज्य के बारां जिले के नाडिया निवासी प्रियांशु जैन, 29 अप्रैल को 10 हजार रुपये छत्तीसगढ़ के कांकेर निवासी सागर के खाते में और 26 मई को 10 हजार रुपये, त्रिपुरा के पेचरथल निवासी जसवंत चकमा के खाते में ट्रांसफर किए गये। आरआरएन नंबर भी दर्ज हैं। थानाध्यक्ष मंडावर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।






# कल्लू खां की बहन का इंतेकाल

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मुस्लिम फंड भोजपुर शाखा के मैनेजर अख्तर उर्फ कल्लू खां की छोटी बहन श्रीमती नाज़िया निगार ( 43 वर्ष ) का आज सुबह लगभग 7:30 बजे उनके मोहल्ला भुड्डी स्थित आवास पर इंतकाल हो गया। मरहूमा पिछले काफी दिनों से गंभीर बीमार थी। उनका अलीगढ़ के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाज चल रहा था। शनिवार को उन्हें किरतपुर लाया गया। आज सुबह उन्होंने आखिरी सांस अपनी मायके में ली। उन्हें ससुराल जिला मुजफ्फरनगर के गांव जलालाबाद लुहारी में सुपुर्दे खाक किया जायेगा। उनके इंतकाल की खबर सुनकर सौगवारों की भीड़ उनके आवास पर लग गई। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता छोड़ गई। उनके आवास पर पहुंचने वालों में वरिष्ठ सपा नेता खुशनुद खां, साईम रजा, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान, दिलशाद अलवी, याकूब मलिक, डॉ. खिज्जर खान, इकरार नेता, पप्पू जुनैदी, पत्रकार गौतम सिंह, नसीम अर्सी, हुमायूं खान, जावेद अली खान, कल्लू सिंह सारंग, मास्टर मोहम्मद मुजीब, डॉ. बजाहत उल्लाह खान आदि शामिल थे।




# बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर माकपा ने दिया ज्ञापन



**चांदपुर (चिंगारी)।** माकपा कार्यकर्ताओं ने किसानों के ट्यूबवेलों पर मीटर न लगाए जाने, बिजली विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम विद्युत विभाग के बड़े बाबू को ज्ञापन दिया।

वरिष्ठ नेता का. अमर सिंह सैनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नारे लगाते हुए फीना रोड स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पर पहुंचे तथा एक्सियन की अनुपस्थिति में बड़े बाबू को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में नगर व देहाती क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली निःशुल्क दिये जाने, संविदा कर्मियों को नियमित करने एवं दुर्घटना होने पर उसके आश्रितों को 50 लाख रुपए मुआवजा दिये जाने,10 प्रतिशत विद्युत बढ़ोतरी के फैसले को वापस ले लिए जाने, बिजली के निजीकरण पर रोक लगाये जाने, जिन किसानों के खेत से बड़ी विद्युत लाइन निकाली जाए, उस खेत के मालिक को मुआवजा दिये जाने, जर्जर हो चुकी विद्युत लाइन को तुरंत बदलवाये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में का अमर सिंह सैनी, किसान सभा के जिलाध्यक्ष तुलाराम, बदरुल हसन, ऋषिपाल सिंह, महिपाल सिंह, राम गोपाल, प्रेम कुमार, हरपाल सिंह, सलमान, देशराज सिंह, मौ. राशिद, जयप्रकाश सिंह, धर्म सिंह, रघुराज सिंह, पिंटू, गंगाराम आदि रहे।

# लगातार बढ़ती जा रही महंगाई, व्यापारी एकता परिषद ने चिंता जताई


परिषद के प्रदेश महामंत्री देवेश कुमार

**बिजनौर (चिंगारी)।** व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश महामंत्री देवेश कुमार ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश का व्यापारी अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। बढ़ती महंगाई, जटिल कर प्रणाली, ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा और साइबर अपराधों ने छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। देवेश कुमार ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई के कारण आम जनता की क्रय शक्ति प्रभावित हुई है, जिससे बाजारों में बिक्री पर प्रतिकूल असर पड़ा है। व्यापारियों की आय घट रही है जबकि दुकान का किराया, बिजली, परिवहन तथा कर्मचारियों पर होने वाला खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी की जटिल प्रक्रिया और बार-बार होने वाले नियमों के बदलाव से छोटे व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश व्यापारी अपना समय व्यापार बढ़ाने के बजाय कागजी कार्यवाही और अनुपालन में खर्च करने को मजबूर हैं। देवेश कुमार ने कहा कि बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा भारी छूट और आक्रामक विपणन के कारण स्थानीय दुकानदारों को असमान प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। छोटे व्यापारी सीमित संसाधनों के साथ बाजार में टिके रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# गायनोलॉजिस्ट ने नर्सिंग होम के मालिक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

## शादी का झांसा देकर बार-बार किया दुष्कर्म, महिला गर्भवती

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर-नगीना मार्ग पर स्थित ग्राम हबीबवाला में स्थित शिफा नर्सिंग होम में गायनोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत महिला ने नर्सिंग होम के संचालक डॉ. फैजान पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए धामपुर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है।

नहटौर क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला चिकित्सक ने आरोप लगाया कि तीन माह पूर्व एक दिन रात के समय जब वह नर्सिंग होम में अकेली थी, तब नर्सिंग होम के मालिक डॉ. फैजान ने मौके का फायदा उठा कर उसका बलात्कार किया। वह चिल्लाई भी, लेकिन उस समय वहां कोई नहीं था। महिला का कहना है कि बाद में जब उसने पुलिस से शिकायत करने को कहा, तो डॉ. फैजान ने कहा शिकायत मत करो, मैं तुम से शादी कर लूंगा। इसके बाद उसने शादी का झांसा दे कर बार-बार दुष्कर्म किया। महिला का कहना है कि उसने डॉ. फैजान को अपने गर्भवती होने के बारे में बताया, तो डॉक्टर और उसकी मां ने बहुत टॉर्चर किया तथा गर्भपात करने के लिए विवश कर रहे हैं।

बता दें कि डॉ. फैजान पहले से शादीशुदा है। महिला चिकित्सक ने पुलिस से आरोपी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। उधर आरोपी चिकित्सक ने आरोपों से इंकार किया है। पीड़िता व आरोपी चिकित्सक अलग-अलग संप्रदाय के है।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी जीवन बीमा निगम की पॉलिसी में मेरा नाम शिक्षा देवी लिखा हुआ है। जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाते में ऋशा देवी लिखा हुआ है। दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे ऋशा देवी के नाम से जाना जाए। **ऋशा देवी पत्नी बृजपाल सिंह निवासी ग्राम धनौरी कुंवर, बिजनौर।**

# जीटीबी पब्लिक स्कूल के प्रभाकर ने जेईई एडवांस में 2252 रैंक प्राप्त की




**नूरपुर (चिंगारी)।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र प्रभाकर सिंह ने आईआईटी जेईई एडवांस परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2252 प्राप्त कर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि नूरपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसके अतिरिक्त विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों जतिन प्रकाश ने जेईई मेन में 96 प्रतिशत तथा रिया सैनी ने जेईई मेन में 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन एवं अनुशासन ने यह शानदार परिणाम संभव बनाया है।



**भली लगे या बुरी ...**

# अब वादों को पूरा करने की बारी

गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अब राज्य के मुख्यमंत्री बने शुभेंदु अधिकारी ने राज्य को घुसपैठियों, टोलाबाजों व भ्रष्टाचारी माफिया तत्वों से मुक्त कर राज्य में भाजपा का चुनाव घोषणा-पत्र पूरी तरह लागू करने का वादा किया है। ममता बनर्जी ने इस भय से केन्द्र की एक भी योजना राज्य में लागू नहीं की थी कि इसका भाजपा को चुनावी लाभ मिल सकता है। अब भाजपा ने घोषणा की है कि वह आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त खाद्यान्न योजना तथा वीबी-जी रामजी योजना फौरन लागू करेगी ताकि बंगाल की जनता को उसका लाभ दिलाया जा सके। ममता बनर्जी केन्द्र पर राज्य के साथ पक्षपात करने का आरोप तो लगाती रही हैं, पर मनरेगा जैसी योजना के लिए उपयुक्त कागजी कार्रवाई पूरी न करने के कारण केन्द्र सरकार ने भारी मात्रा में धनराशि रोक रखी थी। केन्द्र सरकार का आरोप था कि मनरेगा में फर्जी काम और फर्जी सूचियों के माध्यम से ममता बनर्जी अपने 'टोलाबाजों' को पैसा दिला कर पार्टी का तंत्र मजबूत करना चाहती थीं। विडंबना है कि पश्चिम बंगाल के राज्य प्रशासन और पुलिस में भ्रष्टाचार जड़ें तक घुस गया है तथा उनका भयानक राजनीतिकरण और राजनीति का अभूतपूर्व अपराधीकरण हुआ है। भाजपा ने इन चुनौतियों का सामना करने का वादा किया है, पर यह चुनौती हिमालय से भी अधिक ऊंची है। लगभग 50 साल से जारी अपराध और भ्रष्टाचार को तेजी से मिटाना बहुत आसान नहीं होगा। लेकिन यदि भाजपा स्वयं को मिले प्रचंड जनादेश का प्रयोग कर जनता को इस अभियान में व्यापक रूप से शामिल करे तो वह सफल हो सकती है। अमित शाह तथा भाजपा के अन्य नेताओं ने वादा किया है कि राज्य में भाजपा सरकार द्वारा लाए जाने वाले परिवर्तन कुछ ही महीनों में जमीन पर दिखने लगेंगे। यह भाजपा के लिए रणनीतिक और चुनावी रूप से भी जरूरी है क्योंकि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों तथा 2029 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में प्राप्त उपलब्धियों का व्यापक लाभ उठाना चाहेगी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की विजय इस दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है कि ममता बनर्जी ने इसे बांग्ला विशिष्टतावाद पर कथित रूप से उत्तर भारतीयों और 'हिंदुत्ववादी' संस्कृति के आक्रमण की तरह पेश किया था। भाजपा ने इस विशिष्टतावाद और 'पहचान' से पैदा करने की कोशिश करने वाली दीवालों को गिरा दिया है। रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर शपथ ग्रहण के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को खासतौर से याद किया जो बंगाल में भाजपा के सबसे बड़े नेता होने के साथ ही देश की एकजुटता के प्रबल पैरोकार थे।

# पंचायत सहायकों ने मानदेय वृद्धि समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के बैनर तले पंचायत सहायकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने मानदेय वृद्धि, स्थायी सेवा नियमावली लागू करने समेत पांच प्रमुख मांगों को उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि पंचायत सहायक प्रदेश की ग्राम पंचायतों में डिजिटल, प्रशासनिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों का निरंतर निर्वहन कर रहे हैं। शासन की योजनाओं और डिजिटल सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन उन्हें मात्र छह हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है, जो वर्तमान महंगाई और जीवन-यापन की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है। पंचायत सहायकों ने मांग की कि उनका मानदेय बढ़ाकर ग्राम पंचायत सचिव के समकक्ष 30 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए अथवा कम से कम प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम कुशल मजदूरी दर लागू की जाए। इसके अलावा अनुबंध प्रणाली समाप्त कर स्थायी सेवा नियमावली बनाने, विवाह उपरांत महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण एवं समायोजन नीति लागू करने, ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी के रिक्त पदों की भर्ती में पंचायत सहायकों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने तथा पंचायत सहायकों एवं उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की मांग की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि पंचायत सहायकों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को देखते हुए उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शनकारियो का नेतृत्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, अर्पित (ब्लॉक अध्यक्ष), जानी राजपूत, रूक्षम बिश्नोई, महिपाल, भावना, अरुण, विशाल, पुनीत शर्मा, पुष्पेंद्र, आवेश, दीपक कुमार, सोनिया, शालिनी, मनीषा सैनी, शिव कुमार और प्रशांत आदि पंचायत सहायकों ने किया।

# डॉ. नवनीत गर्ग की बेटी अक्षिता बनीं उत्तराखण्ड में राज्य वित्त अधिकारी

## उत्तराखण्ड पीसीएस में 6वीं रैंक प्राप्त की




बिजनौर (चिंगारी)। नगर व जनपद के लिये यह गर्व की बात है कि पूर्व चेयरमैन एवं प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत गर्ग की सुपुत्री एवं श्री संजीव अग्रवाल एड. की भतीजी अक्षिता गर्ग का चयन उत्तराखण्ड पीसीएस में राज्य वित्त अधिकारी (स्टेट फाइनेंस ऑफिसर) पद पर 6वीं रैंक के साथ हुआ है।

अक्षिता शुरू से ही मेधावी रही हैं। सेंट मैरी स्कूल बिजनौर से हाईस्कूल की परीक्षा 98 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर मण्डल में टॉप किया था। इंटरमीडिएट डीपीएस बसंतकुंज दिल्ली से किया और 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। अक्षिता ने दिल्ली टेक्नीकल यूनिवर्सिटी से बी.टेक किया और यूनिवर्सिटी टॉप की। दो बार यूपीपीसीएस इंटरव्यू दिया और दो बार यूपीएससी मेंस लिखा। उत्तराखण्ड राज्य वित्त अधिकारी के रूप में चयनित होने पर अक्षिता और उनके परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अक्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बाबाजी, माता-पिता व ताऊजी सहित सभी परिजनों और गुरुजनों को दिया। चिंगारी परिवार अक्षिता के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# चिकित्साधिकारी ने समीपुर में एक सप्ताह बाद भी ज्वाइन नहीं की ड्यूटी

नजीबाबाद (चिंगारी)। मुख्य चिकित्साधिकारी बिजनौर डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने 21 मई 2026 को तात्कालिक प्रभाव से डॉ. जितेंद्र कुमार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर का स्थानांतरण जनहित में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर नजीबाबाद में चिकित्सा अधिकारी के पद पर किया था। डॉ. जितेंद्र कुमार ने स्थानांतरण के करीब एक सप्ताह बाद भी अभी तक समीपुर पहुंचकर अपना चार्ज ग्रहण नहीं किया है। जबकि उनके तबादले के बाद सीएमओ ने समीपुर के चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार देशवाल का एक चिकित्सक से रिश्वत लेते हुए विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन्हें समीपुर से हटाते हुए उनका यहां से अफजलगढ़ के लिए ट्रांसफर कर दिया था। इसके बाद समीपुर सीएचसी पर कोई चिकित्सा प्रभारी नहीं है। सूत्रों से पता चला है कि डॉ. जितेंद्र कुमार समीपुर ज्वाइन न कर अपना ट्रांसफर हल्दौर ही रूकवाने के चक्कर में लगे हुए है। मंगलवार तक भी उन्होंने समीपुर पहुंचकर अपना चार्ज ग्रहण नहीं किया है। इस संबंध में सीएमओ से बात करने का प्रयास किया गया मगर उनसे मोबाइल पर सम्पर्क नहीं हो पाया।

# हादसे में टैंट व्यापारी व अधिवक्ता घायल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम कल्हेड़ी निवासी टैंट व्यापारी बब्बन अली जैदी व शाकिर एडवोकेट आज सुबह किसी कार्य से नजीबाबाद से बिजनौर बाइक द्वारा जा रहे थे। रास्ते में बिजनौर के समीप उनका एक्सीडेंट हो गया। हादसे में टैंट व्यापारी व अधिवक्ता दोनों घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।**

# वसीम अकरम एड.को पुनः सौंपी गई जिलाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वसीम अकरम एड को कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग बिजनौर का पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कांग्रेस हाई कमान ने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश, जिला व शहर की भंग की गई कमेटीयों बहाल कर दिया है। ये कमेटियां बहाल होने से वसीम अकरम एड. को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के ज़िलाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी पुनः सौंप दी गई है। वसीम अकरम एड.ने प्रदेश अध्यक्ष सोहेल अख्तर अंसारी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस श्रीमती रूबी खान, नेशनल कोऑर्डिनेटर सह-प्रभारी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस महमूद खान एवं कार्यालय प्रभारी व संगठन प्रभारी शहनवाज़ खान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूर्व की भांति अपनी ज़िम्मेदारी को निष्ठा और लगन से निभाएंगे।



# नजीबाबाद के झंडा चौक पर युवती ने हंगामा कर की तोड़फोड़

नजीबाबाद (चिंगारी)। बीती रात नगर के हरिद्वार मार्ग स्थित झंडा चौक पर एक युवती ने हंगामा कर तोड़फोड़ की। युवती के तेज शोर शराबे व अजीब हरकतें करने की वजह से वहां लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। युवती ने वहां रखे गमले आदि उठाकर तोड़ते हुए काफी देर तक हंगामा काटा। सूचना मिलने पर हलका पुलिस मौके पर पहुंची। युवती पुलिस के सामने भी इसी तरह की हरकतें करती रही। पुलिसकर्मियों ने समझदारी व संयम से काम लेते हुए युवती को काफी देर बाद समझा बुझाकर शांत किया। बताया जाता है कि उक्त महिला मानसिक रूप से कमजोर थी। पुलिस ने मानवता दिखाते हुए युवती को सुरक्षित उसके घर भिजवाया।

# एसडीएम आवास के बाहर रखे ट्रांसफार्मर में आग लगने से मचा हड़कंप

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर में भारत सिनेमा के पास एसडीएम आवास के बाहर रखे बिजली के ट्रांसफार्मर में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। भीषण गर्मी व ओवरलोड के चलते एसडीएम आवास के बाहर रखे बिजली के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग ने एकदम विकराल रूप धारण कर लिया। ट्रांसफार्मर में लगी आग की लपटें काफी ऊंची उठने लगीं। आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया। सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर की बिजली काट दी। ट्रांसफार्मर में आग लगने से क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर को बदलने का काम शुरू कर दिया।**



//23+ years of LEGACY

THE FUTURE WITH ARTIFICIAL INTELLIGENCE.


## Degree Programme

- B.V.Sc & A.H.
- BAMS
- BNYS
- B.Pharmacy
- Post Basic BSc Nursing
- B.Sc. Nursing
- B.P.T.
- B.M.L.S.
- B.Optometry
- B.Sc. Microbiology
- B.Sc. Biotechnology
- B.Sc. Food Technology
- B.Tech (CSE)
- BCA
- B.Sc. (Computer Sc.)
- BBA
- BBE
- B. COM
- BA LL.B
- BBA LL.B (Hons.)
- B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
- B.Sc. Agriculture (Hons.)
- B.Sc. Home Science

## Diploma Programme

- Diploma in Agriculture
- Diploma in Veterinary Science
  Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
- Diploma in Pharmacy
- Diploma in Engineering (Polytechnic)
- Diploma in Elementary Education (BTC)
- G.N.M. I A.N.M.

CONTACT US:
7055604050
7055604040



www.vivekuniversity.ac.in

VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# हिंदुओं के क़त्लेआम पर क्यों नहीं बोलते मौलाना-मौलवी : योगी आदित्यनाथ

## बिजनौर आकर आत्मीयता का अनुभव होता है, इस धरती ने इतिहास को बनते-बिगड़ते देखा

## योगी ने आलमपुर गांवड़ी में किया विशाल जनसभा को संबोधित



एस.एम. असलम/नितिन दिनेश कौशिक/ फोटो- अतुल मिंटू

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल ग्राम आलमपुर गांवड़ी में क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मौलानाओं को आड़े हाथों लिया। मौलानाओं द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग पर करारा जवाब देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गाय राष्ट्रमाता है, गाय को पशु बताने वाले पशुवत बुद्धि के हैं। इसी के साथ उन्होंने कहा कि गाय को लेकर हाय तौबा मचाने वाले मौलाना-मौलवी पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कत्लेआम पर कुछ नहीं बोलते, कितना अच्छा होता कि जुमे की नमाज में ये मौलाना-मौलवी पाकिस्तान, बांग्लादेश की कट्टरपंथी सरकारों की निंदा करते। गाजियाबाद में युवक की नृशंस हत्या को लेकर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौलाना-मौलवी अपने शोहदों को समझा लें, वरना अंजाम भुगतने के लिये तैयार रहें। दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार की दोपहर अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गावड़ी स्थित क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह के कैंप कार्यालय पर पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों को भूमि अधिकार पत्र प्रदान करने एवं पूर्व सैनिकों को आवंटित भूमि का मालिकाना अधिकार प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने विस्थापित एवं पूर्व सैनिक 5-5 परिवारों को मंच पर बुलाकर उन्हें भूमि अधिकार प्रमाण-पत्र दिये। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ ने कई योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को डेमो चेक भी बांटे। तत्पश्चात अपने 30 मिनट के संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर की धरती को ऐतिहासिक बताकर उसे नमन करते हुए कहा कि इस पावन धरती ने भारत के इतिहास को बनते-बिगड़ते देखा है। उन्होंने कहा कि यह महाभारत की पावन धरती है, जहां धर्म की रक्षा के साथ-साथ अधर्म के खिलाफ शस्त्र उठाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब मैं बिजनौर आता हूं तो मुझे आत्मीयता का अनुभव होता है। उन्होंने विधायक सुशांत सिंह के स्वर्गीय पिता पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 4 साल पूर्व हम दोनों ने एक साथ यहां कार्यक्रम आयोजित किया था और आज मुझे उनकी स्मृतियों को नमन करने का अवसर प्राप्त हुआ है जिनकी विरासत को उनके सुपुत्र विधायक सुशांत सिंह आगे बढ़ा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि 1645 विस्थापित परिवार भूमि अधिकार से लाभान्वित हुए हैं और जो परिवार इस लाभ से अभी वंचित हैं उन्हें लाभ दिलाए जाने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश व पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों के लिए एक भी मौलवी की कभी आवाज नहीं निकलती, किसी भी मौलवी की जुबान से आजतक पाकिस्तान व बांग्लादेश के कत्लेआम पर कुछ नहीं निकला। उन्होंने आगे कहा कि कितना अच्छा होता कि जुमे की नमाज में इस कत्लेआम की निंदा होती और वक्फ की संपत्तियों में से इन विस्थापितों को लाभ पहुंचाया जाता, मगर कट्टरपंथ ऐसा कभी नहीं कर सकते। उन्होंने वर्तमान में गाजियाबाद में बकरीद पर दूसरे संप्रदाय के युवाओं द्वारा एक हिंदू युवक के हुए मर्डर पर कहा कि ऐसे कट्टरपंथियों से दोस्ती जो मित्रता के नाम पर छुरियों से कत्ल कर देते हैं, ऐसे कटरपंथियों के बारे में हम सबको सोचना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कट्टरपंथी या तो अपने युवाओं को समझा दें अन्यथा ऐसे लोगों के अंजाम आएदिन सबके सामने आ रहे हैं। अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने गाय पर विस्तृत चर्चा की और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गाय हमारी राष्ट्रीय माता है जिससे हमारा जन्म जन्मातर का नाता है और संतानों को अपनी मां को घोषित करने की जरूरत नहीं होती। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस प्रकार गंगा हमारी माता है जिसकी हम आराधना करते हैं और खुद को गंगा पुत्र कहते हुए हमारे सारे संस्कार मां गंगा के तट पर होते हैं, इसलिए जिस तरह गंगा को माता घोषित करने की आवश्यकता नहीं है ठीक वैसे ही हमारी संस्कृति में गाय हमारी माता है पशु नहीं। क्षेत्र के विकास पर चर्चा करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिजनौर के जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी प्रस्ताव आते हैं उन्हें आगे बढ़ाया जाता है। उन्होंने कुंवर सुशांत सिंह के क्षेत्र के विकास के प्रयासों को सराहा और अफजलगढ़ क्षेत्र में मंडी समिति की स्थापना को लेकर कहा कि सरकार के पास धन की कमी नहीं है, जमीन तलाश की जाए, मंडी समिति बनकर रहेगी। योगी आदित्यनाथ के संबोधन से पूर्व क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने उपस्थित मंचासीन मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, विधायकों, पूर्व विधायकों व संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपने स्वागत भाषण में उनका आभार व्यक्त करते हुए उनकी विकासशील नीतियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल, राज्य मंत्री सुरेंद्र वाल्मीकि, क्षेत्रीय संगठन मंत्री सत्येंद्र सिसोदिया, सांसद चंदन चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, धामपुर विधायक अशोक राणा, नहटौर विधायक ओम कुमार, विधायक बिजनौर सूची चौधरी, पूर्व एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी हरिसिंह ढिल्लो, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, जिला प्रभारी हरिओम शर्मा, महिला आयोग की सदस्य सविता अग्रवाल, पूर्वमंत्री कुंवर भारतेद्र सिंह, पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व मंत्री महावीर सिंह, महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रावल आदि ने संबोधित किया।



**बच्चे को चॉकलेट खिलाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।**



**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत महिला उद्यमी को चैक भेंट करते हुए मुख्यमंत्री।**

## कुंवर सर्वेश कुमार को याद कर भावुक हुए

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब मैं बिजनौर आता हूं तो मुझे आत्मीयता का अनुभव होता है। उन्होंने विधायक सुशांत सिंह के स्वर्गीय पिता पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 4 साल पूर्व हम दोनों ने एक साथ यहां कार्यक्रम आयोजित किया था और आज मुझे उनकी स्मृतियों को नमन करने का अवसर प्राप्त हुआ है जिनकी विरासत को उनके सुपुत्र विधायक सुशांत सिंह आगे बढ़ा रहे हैं।

## पहले नौकरियों में पैसा चलता था, अब कोई सिफारिश नहीं

सोमवार को आलमपुर गांवड़ी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं का भी उत्साहवर्धन किया और कहा कि आज बिजनौर के हजारों नौजवान तैयारी करके पुलिस में भर्ती हुए हैं और हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले भर्ती के नाम पर भाई-भतीजा वाद चलता था, पैसा मांगा जाता था, चेहरा देखा जाता था, लेकिन आज यहां का हट्टा खट्टा नौजवान भागता दौड़ता है, मेहनत करके परीक्षा पास कर भर्ती हो जाता है, कोई माई का लाल उसे भर्ती होने से नहीं रोक सकता। योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों का भी हौसला बढ़ाया और कहा कि हमारे जो खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन करते हैं उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा सीधे नौकरियां दी जा रही हैं।

## महिलाओं में दिखा विशेष उत्साह



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। सोमवार को भाजपा विधायक बढ़ापुर कुंवर सुशांत सिंह के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब में महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचीं महिलाओं ने न केवल कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, बल्कि भाजपा के प्रति अपने समर्थन का भी खुलकर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं की मौजूदगी पूरे आयोजन की प्रमुख विशेषता रही। राजनीतिक दृष्टि से महिलाओं की यह सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हाल के वर्षों में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, उज्ज्वला योजना, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से भाजपा सरकार ने महिलाओं तक अपनी मजबूत पकड़ बनाई है। कार्यक्रम में उमड़ी महिलाओं की भीड़ को इन योजनाओं के प्रति विश्वास और समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बंटवारे के समय पाकिस्तान से विस्थापित होकर बिजनौर में बसे परिवारों को मालिकाना हक दिए जाने के ऐतिहासिक निर्णय को लेकर भी उन परिवारों की महिलाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

## कार्यक्रम की अपार सफलता और मुख्यमंत्री की सराहना ने बढ़ाया सुशांत का कद



**मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विधायक सुशांत सिंह।**

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। कई बार स्थगित हुये कार्यक्रम के बाद आखिरकार सोमवार को क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह के आलमपुर स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन क्षेत्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संदेश देकर गया। कार्यक्रम स्थल पर उमड़ा हजारों कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों का जनसैलाब यह दर्शाने के लिए पर्याप्त था कि क्षेत्र में कुंवर सुशांत सिंह की लोकप्रियता लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पंडाल में मौजूद अभूतपूर्व भीड़ और कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर गदगद नजर आए। इतना ही नहीं उन्होंने मंच से कुंवर सुशांत सिंह की खुलकर प्रशंसा करते हुए उनके कार्यों, संगठन के प्रति समर्पण और क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ की सराहना की। मुख्यमंत्री के मुख से निकले ये शब्द न केवल कुंवर सुशांत सिंह के राजनीतिक कद को और ऊंचा करने वाले साबित हुए बल्कि उनके समर्थकों के लिए भी गर्व का विषय बन गए। मुख्यमंत्री की इस सार्वजनिक प्रशंसा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री का यह स्नेह और विश्वास आने वाले समय में कुंवर सुशांत सिंह की राजनीतिक स्थिति को और अधिक मजबूत करेगा।**

## 'मुझे बिजनौर की ताकत का एहसास है'

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। आलमपुर गांवड़ी में अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक सुशांत सिंह के पिता पूर्व सांसद स्वर्गीय कुंवर सर्वेश कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बिजनौर की धरती को बार-बार नमन किया। महात्मा विदुर की इस पावन धरती से बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस धरा ने इतिहास को बनते बिगड़ते देखा है। उन्होंने कहा कि मुझे एक दिन बिजनौर में रुकने का अवसर प्राप्त हुआ था, उस समय रात को मेरा यहां रुकना हुआ था। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि उस रात मैंने बिजनौर के अलग-अलग क्षेत्र से लोगों को बुलाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की थी, तब मुझे बिजनौर की ताकत का एहसास हुआ था। उन्होंने कहा कि बिजनौर के तेजी से हो रहे विकास की गति में और तेजी आएगी। यहां के जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव को गंभीरता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।**

## जिला टॉपर सृष्टि चौहान को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित




**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। सोमवार को आलमपुर गांवड़ी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान जनपद बिजनौर एवं वि.स. बढ़ापुर का गौरव बढ़ाने वाली राखी मैमोरियल इंटर कॉलेज आसफाबाद चमन की हाईस्कूल टॉपर छात्रा मानियावाला निवासी सीताराम चौहान की पुत्री सृष्टि चौहान को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसकी उल्लेखनीय उपलब्धि, उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन एवं जिले में टॉप करने पर उसे 21 हजार का चैक, टैबलेट एवं मेडल प्रदान कर मंच से सम्मानित किया। प्रदेश सरकार द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के लगातार उत्साहवर्धन का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों का भी प्रमुखता से जिक्र किया और कहा कि सरकार खिलाड़ियों के उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें हर स्तर पर सम्मानित करती आ रही है जिसका लाभ जनपद बिजनौर के खिलाड़ियों को भी मिल रहा है।

# मिशनरी पत्रकारिता की ओर लौटने का आह्वान

## हल्दौर में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर गोष्ठी का आयोजन



जीएसएन एकेडमी हल्दौर के प्रबंधक रघुराज सिंह नागर को सम्मानित करते हुए अतिथि।



संगोष्ठी में सहभागिता करते हुए पत्रकार व गणमान्य नागरिक।

**हल्दौर (चिंगारी)।** प्रेस क्लब हल्दौर (पंजी.) के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के गौरवमयी अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम व पत्रकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सोमवार शाम एक स्थानीय बैंक्वट हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले व क्षेत्र के पत्रकारों के साथ-साथ नगर के व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विमला देवी एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी ने कहा, यदि हम जनपद बिजनौर की पत्रकारिता के इतिहास को देखें, तो यहां ऐसे पुरोधा पत्रकार हुए हैं जिन्होंने पत्रकारिता को देश स्तर पर नये आयाम दिये। इस जिले के पत्रकारों ने सच लिखने के लिए जेल की यातनाएं सहीं और अपनों को खोया, लेकिन किसी के सामने झुके नहीं, उन्होंने नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश प्रकाश शर्मा के जीवन से सीख लेने की प्रेरणा दी।

दैनिक पब्लिक इमोशन के संपादक डॉ. पंकज भारद्वाज ने वर्तमान दौर की पत्रकारिता पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बदलाव केवल पत्रकारिता में ही नहीं, बल्कि समाज, परिवार और संस्कृति में भी आया है। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता दुर्भाग्यवश 'गोदी मीडिया' बनकर रह गई है, कोई सत्ता की गोदी में बैठा है तो कोई विपक्ष की। निष्पक्ष कोई नहीं दिख रहा। डॉ. भानुप्रकाश वर्मा ने कहा कि जो पत्रकार समाज हित में लिखता है, वह समाज को सही दिशा और दर्शन देकर नवनिर्माण की ओर ले जाता है। डॉ. नरेशपाल सिंह ने पत्रकारों से निर्भीक होने की अपील करते हुए कहा कि जब कोई पत्रकार निडर होकर समाज के हित में क़लम चलाता है, तो पूरा समाज उसके साथ आकर खड़ा हो जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजेशचंद्र शर्मा ने की तथा संचालन प्रमोद चौहान व अतुल शर्मा 'गांधी' ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ट अतिथि रघुराज सिंह नागर, कमलेश नागर, डॉ. विकास शर्मा, सरिता शर्मा, प्रवीण रस्तोगी, रचना रस्तोगी, गगन मारवाड़ी, मीनाक्षी मारवाड़ी, संदीप जोशी, समाजसेवी दीपक सैनी और दैनिक जन शौर्य के संपादक आज़म आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में इनकी उपस्थिति रही

इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक सुरेश प्रकाश शर्मा, अवनीश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष विनय मोहन शर्मा, उपमंत्री मनोज ऐरन, कोषाध्यक्ष डॉ. प्रदीप दुबे, ऑडिटर संजीव मिश्रा, विधिक सलाहकार एडवोकेट मोहित चौहान, अमर द्विवेदी, तुषार वशिष्ठ, महिपाल सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों से देवेंद्र रस्तोगी, बृजपाल सिंह, नरेंद्र सिंह नरूका, थाना अध्यक्ष किशन अवतार सिंह, डॉ. कृति दुबे, श्वेता शर्मा, ईशा मारवाड़ी, प्रिया शर्मा, प्रीति मिश्रा, प्रकाश पंकज, विपिन शर्मा, इरतजा सलमानी, डॉ. अमानत, डॉ. सज्जन, स. हरमन्दर सिंह, अतुल मारवाड़ी नवेद अनवर, अनिल विश्वकर्मा, पम्मी, राजेश चौहान, ऋषभ रस्तोगी, संजय मारवाड़ी, डॉ. श्रीश शर्मा, टीकम सिंह चौहान, सुधीर रस्तोगी, ठाकुर योगेन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार भोले, पीयूष चौहान, दर्पण रावल और विजयपाल चौहान नेताजी सहित भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## राहगीरों को शरबत पिलाया



**नगीना (चिंगारी)।** भीषण गर्मी से आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय सनातन संघ के कार्यकर्ताओं ने रोडवेज बस स्टैंड के सामने एक शिविर लगाकर लोगों को शरबत पिलाया। मंगलवार की सुबह लगाए गए शिविर में भाजपा नेता कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह ने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ राहगीरों को मीठा व ठंडा शरबत पिलाकर उन्हें राहत पहुंचाने का नेक काम किया। कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में ठंडा पानी या शरबत पिलाकर राहत पहुंचाना अच्छा काम है। समाजसेवी राजमणि कुदेशिया, प्रेमपाल सिंह, चंद्रभान सिंह, मोनू सैनी, शिव शंकर सक्सेना,अनुज वर्मा, लव ठाकुर,विजयपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

## पिता का त्याग और यश की मेहनत रंग लाई

### बरमपुर के यश राजपूत ने क्रैक की IIT परीक्षा



**बिजनौर (चिंगारी)।** ग्राम बरमपुर के होनहार छात्र यश राजपूत ने देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन मानी जाने वाली भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यश की इस शानदार सफलता से उनके परिवार और पूरे गांव में जश्न का माहौल है। यश की इस सफलता के पीछे उनके पिता का एक बड़ा त्याग और लंबा संघर्ष छुपा है। यश के पिता श्री मोहन कुमार राजपूत स्वयं जीव विज्ञान के एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक हैं। बेटे को उच्च शिक्षा और बेहतर माहौल देने के लिए वे कई वर्ष पहले अपने पैतृक गांव बरमपुर से दूर चले गए थे, जहां वे नौकरी करते हैं। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद यश की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। दादा श्री शेर सिंह के मार्गदर्शन और पिता के इसी विजन का नतीजा है कि आज यश ने देश के सबसे बड़े इंजीनियरिंग एग्जाम में यह मुकाम हासिल किया है।

### एनआईटी छोड़कर चुना आईआईटी का कठिन रास्ता

यश की यह सफलता उनकी अटूट लगन का परिणाम है। गत वर्ष भी उन्होंने इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया था, जिसके चलते उन्हें प्रतिष्ठित एनआईटी कॉलेज, प्रयागराज (इलाहाबाद) में दाखिला मिल गया था। लेकिन यश का सपना आईआईटी में जाने का था। अपने इसी सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने एनआईटी जैसी प्रतिष्ठित सीट मिलने के बाद भी हार नहीं मानी और पिता के संघर्ष को संबल बनाकर एक साल तक दिन-रात कड़ी मेहनत की। आज उनकी उसी तपस्या का फल है कि उन्होंने आईआईटी में अपनी जगह पक्की कर ली। यश ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा जी के आशीर्वाद, माता-पिता के त्याग और अपने गुरुजनों को दिया है। यश की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके समस्त परिवारजनों और ग्रामवासियों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। ग्रामीणों का कहना है कि यश ने गांव और समाज का मान बढ़ाया है, और वह क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए एक बड़ा रोल मॉडल बनकर उभरा है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-2,
हरिद्वार

ई-प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-01/E.E./2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य/कार्यो हेतु ऑनलाईन प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल बिड/निविदाएँ (http://etender.up.nic.in) के माध्यम से सिंचाई विभाग में सिविल कार्यो हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांकः 08.06.2026 की पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बिड/निविदायें दिनांकः 03.06.2026 पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांकः 08.06.2026 की पूर्वान्ह 11.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती हैं। प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांकः 08.06.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे अधीक्षण अभियन्ता पूर्वी गंगा नहर निर्माण मण्डल, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, हरिद्वार द्वारा गठित समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-2 सिंचाई विभाग,उत्तर प्रदेश, हरिद्वार के कार्यालय में ई-टेण्डर वेबसाईट (http://etender.up.nic.in) पर ऑनलाईन खोली जायेगी। प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड में क्वालिफाई घोषित ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड सम्बन्धी सूचना वेबसाईट पर ऑनलाईन प्रदर्शित कर दी जायेगी। कार्यालय बंद होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा/निविदायें अगले कार्यदिवस में उसी समय खोली जायेंगी।

निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| लॉट स0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0) | धरोहर राशि (लाख रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) | जी0एस0टी0 का मूल्य (18%) (रु0) | स्टेषनरी चार्जेज (रु0) | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य (रु0) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | Clearance of Sludge and Waste Material of Chhoiya Drain From Km. 30.000 to Km. 41.000 in Distt. Bijnor for Year 2026-27. | 17.36 | 0.35 | 15 दिवस | रू0 225.00 | रू0 42.00 | रू0 500.00 | रू0 767.00 | "सी" या ऊपर |
| 2. | Clearance of Sludge and Waste Material of Chhoiya Drain From Km. 17.050 to Km. 29.900 in Distt. Bijnor for Year 2026-27. | 27.87 | 0.56 | 15 दिवस | रू0 300.00 | रू0 54.00 | रू0 500.00 | रू0 854.00 | "बी" या ऊपर |
| 3. | Clearance of Sludge and Waste Material of Chhoiya Drain From Km. 0.000 to Km. 16.900 in Distt. Bijnor for Year 2026-27. | 26.86 | 0.54 | 15 दिवस | रू0 300.00 | रू0 54.00 | रू0 500.00 | रू0 854.00 | "बी" या ऊपर |
| 4. | Clearance of Sludge and Waste Material of Chattanwala Drain From Km. 0.000 to Km. 25.000 in Distt. Bijnor for Year 2026-27. | 30.36 | 0.61 | 15 दिवस | रू0 300.00 | रू0 54.00 | रू0 500.00 | रू0 854.00 | "बी" या ऊपर |

*नोटः- उक्त निविदा धनावंटन की प्रत्याशा में आमन्त्रित की जा रही है।*

यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की बेवसाइट http://up.gov.nic.in एवं http://etender.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://www.idup.upgov.in पर उपलब्ध है। नियम एवं शर्ते सिंचाई विभाग एवं ई-टेंडरिग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

R.O.No. 251941 Date: 29-05-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(योगेश निम)
अधिशासी अभियन्ता
पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-2,
हरिद्वार

# अपने पुनर्निर्माण की बाट जोह रही नांगल की मेन रोड

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय बस स्टैंड से मेन बाजार तक जाने वाली लगभग एक किलोमीटर लंबी आरसीसी सड़क नांगल के प्रमुख मार्गों में से एक है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों व्यक्तियों का आवागमन होता है। पब्लिक वाहनों से आने-जाने वाले अधिकांश यात्री जहां इसी मार्ग से गुजरते हैं, वहीं नांगल के विभिन्न मुहल्लों तक यात्रियों को ले जाने वाली ई -रिक्शायें भी इसी मार्ग पर दौड़ती हैं। तड़के से देर रात्रि तक व्यस्त रहने वाले इस मार्ग पर यदि थोड़ी देर को भी कोई व्यवधान उत्पन्न हो जाये, तो यहां वाहनों का जाम लग जाता है। यह मार्ग नांगल का व्यस्ततम मार्ग कहलाता है, जो कि ग्राम जीतपुर खास से होकर गुजर रहा है। इस मार्ग पर कभी खड़ंजा हुआ करता था, जिस पर बरसात में आवागमन करना बड़ा मुश्किल होता था। 21 वर्षों से भी पहले इस मार्ग पर आरसीसी रोड का निर्माण ग्रामीणों के अनुरोध पर तत्कालीन माकपा विधायक मा. रामस्वरूप सिंह ने कराया था। वर्ष 2005 में विधायक रहते ही मा. रामस्वरूप सिंह का निधन हो गया था। उनके बाद 2007 में बसपा से शीशराम सिंह और 2012, 2017 तथा 2022 में हाजी तसलीम अहमद विधायक चुने गये हैं, मगर फिर किसी ने इस महत्वपूर्ण सड़क की सुध लेना गवारा नहीं किया। 21 वर्षों से अधिक पुरानी इस सड़क का बीच का हिस्सा अभी भी सही हालत में है, मगर नालियों की ओर से सड़क टूटती चली जा रही है।



बदहाल हुआ पड़ा नांगल बस स्टैंड - मेन बाजार मार्ग

इससे सड़क की चौड़ाई काफी कम रह गयी है। इस सड़क पर आमने-सामने से आने वाले दो वाहनों का बचना मुश्किल हो जाता है। इससे लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जबकि बस स्टैंड के पास का कुछ हिस्सा तो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। यह मार्ग अब बेसब्री से पुनर्निर्माण की बाट जोह रहा है। मार्ग के दोनों ओर एवं आसपास बीजेपी का ठोस वोट बैंक- रवा राजपूत समाज रहता है। बीजेपी की समर्थक अन्य बिरादरियां भी इस मार्ग के किनारे निवास करती हैं। यूपी में पिछले 9 सालों से बीजेपी की सरकार है, मगर फिर भी इस मार्ग की कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। न ही बीजेपी के किसी नेता, न ही किसी जनप्रतिनिधि, न ही जिला पंचायत और न ही लोक निर्माण विभाग को इस सड़क की दुर्दशा दिखाई देती है।

> **सरकार की नीति है कि जनहित में पुराने मार्गों का पुनर्निर्माण कराया जाये। सरकार की नीति के तहत वे उक्त मार्ग के जल्द पुनर्निर्माण हेतु प्रयास करेंगे।**
>
> **- तपराज सिंह देशवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख**

# बहन को छोड़ने जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत, गांव में शोक



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रविवार की शाम सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान सोमवार की दोपहर मौत हो गई। ग्राम सीरवासुचंद निवासी लियाकत उस्मानी की शेरकोट निवासी विवाहित पुत्री जैबुन्निशा अपने दो बच्चों के साथ ईद पर मायके आई हुई थी। रविवार की शाम उसका भाई मौ. शुऐब (25 वर्ष) जैबुन्निशा व उसके दो बच्चों को मोटरसाइकिल से शेरकोट छोड़ने जा रहा था कि रास्ते में सड़क पार कर रही एक बैलगाड़ी से मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर में शोएब, उसकी बहन जैबुन्निशा व उसके दोनों छोटे बच्चे घायल हो गए। घायलावस्था में उन्हें अफजलगढ़ के सरकारी अस्पताल में लाया गया, जहां से गंभीर अवस्था के चलते शोएब को हायर सेंटर रैफर किया गया। परिजन उसे काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान सोमवार की दोपहर शोएब ने दम तोड़ दिया। सोमवार की रात्रि बाद नमाज ईशा मृतक शोएब को गांव के ही उसके आबाई कब्रिस्तान में नमाज-ए-जनाजा पढ़कर गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।


## ट्रक ऑनर्स के लिये सूचना

**सभी व्यापारी व क्रेशर मालिकान को सूचित किया जाता है कि आप सभी लोग अपना सामान ट्रकों द्वारा बाहर भिजवाते हेतु बिजनौर ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन एवं नजीबाबाद से दी ट्रक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बुक करायें, किसी शहरी व बाहरी ट्रांसपोर्टर के बहकावे में न आयें। आप सभी व्यापारी का सामान लोहा, सरिया, प्लाईवुड, गुड़ चीनी आदि न भरवायें और किरतपुर क्षेत्र का आधा विभाजन कर दिया गया है। आधा किरतपुर क्षेत्र नजीबाबाद वेलफेयर एसोसिएशन का और आधा किरतपुर क्षेत्र बिजनौर ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन का होगा। अगर कोई भी बाहरी ट्रक अपने-अपने क्षेत्र में आता पाया गया तो उसके खिलाफ दंडात्मक पुलिस कार्यवाही होगी और अगर भूल से भी किसी भी ट्रांसपोर्टर ने यूनियन की बिना अनुमति कोई बाहरी लोड पुलिस थाना क्षेत्र बिजनौर व नजीबाबाद में कराने का साहस किया तो वह बख्शा नहीं जायेगा। सहयोग के लिये हम पुलिस प्रशासन के आभारी रहेंगे।**

**सुरेश राजपूत**
**अध्यक्ष**
बिजनौर ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन बिजनौर

**शैलेंद्र चौधरी एड.**
**सेक्रेट्री**
दी नजीबाबाद ट्रक वैलफेयर एसोसिएशन नजीबाबाद



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-7**
**बिजनौर।**

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना-01/अधि0अभि0/2026-27**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक **08.06.2026** को अपरान्ह **5.00** बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक **09.06.2026** को अपरान्ह **12:00** बजे मुख्य अभियन्ता (मध्य गंगा नहर परियोजना) सिंचाई विभाग, उ0प्र0, अलीगढ़ द्वारा निर्धारित समिति के द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-7, बिजनौर के कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र **दिनांक 03.06.2026 के पूर्वान्ह से दिनांक 08.06.2026 के अपरान्ह 3:00 बजे तक** किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय एंव अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, अमरोहा एंव अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-6, मेरठ के कार्यालय में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र कय करते समय (1)पंजीकरण (2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1) (3) हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2) (4 ) स्वघोषणा प्रमाण-पत्र (IDT-3) की मूल प्रतियां प्रस्तुत की जायेगी अधिकृत प्रतिनिधि को ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमे प्रतिनिधि के हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो भी जमा करने के पश्चात निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।

धरोहर धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-7, बिजनौर के पक्ष में बन्धक होगी, जमा कराना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं कि जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। यह भी अवगत कराना है कि मध्य गंगा नहर परियोजना का उद्घाटन आगामी वित्तीय वर्ष मे किया जाना प्रस्तावित है। अतः सम्बन्धित सभी कार्य इसी वित्तीय वर्ष मे पूर्ण किये जाने है।

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 मे) | जमानत धनराशि (Earnest Money) (लाख रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी चार्ज+जी0 एस0टी0 (रू0 मे) | पंजीकृत श्रेणी न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 2.908 से किमी0 2.950 तक नहर निर्माण का कार्य। | 7.37 | 0.15 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 2 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 2.991 से किमी0 3.032 तक नहर निर्माण का कार्य। | 7.26 | 0.15 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 3 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 3.073 से किमी0 3.115 तक नहर निर्माण का कार्य। | 7.37 | 0.15 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 4 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 3.298 से किमी0 3.343 तक नहर निर्माण का कार्य। | 8.35 | 0.17 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 5 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 3.388 से किमी0 3.438 तक नहर निर्माण का कार्य। | 8.30 | 0.17 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 6 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 3.477 से किमी0 3.516 तक नहर निर्माण का कार्य। | 8.45 | 0.17 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |
| 7 | शेरपुर अल्पिका के किमी0 3.554 से किमी0 3.592 तक नहर निर्माण का कार्य। | 8.24 | 0.16 | 30 दिन | 300+500+54=854.00 | सी0 एवं उच्चतर |

यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट **(http://etender.up.nic.in)** तथा सिंचाई विभाग की वेबसाईट **(http://www.idup.gov.in)** पर उपलब्ध है। वेबसाईट से ड्राईग उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देख सकेंगे।

**R.O.No. 251971 Date: 29-05-2026**
**UPID.www.upgov.nic.in**

(एस0एन0उपेन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता

# हरिद्वार से गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बस से टकरा गई कार, 11 घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** हरिद्वार से गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की टूरिस्ट बस और एक तेज रफ्तार कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और बस में सवार प्रयागराज के 10 यात्रियों समेत कुल 11 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मची चीख-पुकार सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से गंभीर रूप से घायल कार सवार महिला को जिला मुख्यालय रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रयागराज निवासी श्रद्धालु एक टूरिस्ट बस (ट्रैवल वाहन) से हरिद्वार गंगा स्नान करने गए थे। मंगलवार की सुबह वे वापस प्रयागराज लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बस नहटौर-कोतवाली मार्ग स्थित ऑक्सफोर्ड चौराहे के पास पहुंची, तभी शादीपुर मार्ग की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बस को साइड से टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। हादसे




में टूरिस्ट बस में सवार विनय पांडे (42 वर्ष) पुत्र रामदेव पांडे, सनी कुमार (32 वर्ष) पुत्र चरण सिंह, पूर्ण चतुर्वेदी (26 वर्ष) पुत्र विनय कुमार चतुर्वेदी, अजय शंकर (33 वर्ष) पुत्र कांता प्रसाद, सुरेंद्र (53 वर्ष) पुत्र मोहनदास, दिनेश त्रिपाठी (32 वर्ष) पुत्र रामदत्त त्रिपाठी, विवेक (36 वर्ष) पुत्र रमेश, आसमानी तिवारी (30 वर्ष), अमन यादव (25 वर्ष) तथा पूरन त्रिवेदी (30 वर्ष) वहीं कार सवार इशरत पत्नी शहजाद गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिसे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे में कार सवार महिला इशरत की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला मुख्यालय भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है। बाकी घायलों का इलाज सीएचसी में चल रहा है। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर और कार की टक्कर से एक की मौत

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी रामचंद्र देर रात अपने परिवार के लगभग दो दर्जन महिला पुरुष व बच्चों के साथ ट्रैक्टर द्वारा हरिद्वार से अपने घर वापस आ रहे थे कि रात्रि में नजीबाबाद-कोतवाली मार्ग पर सिकंदरपुर के निकट पीछे से तेज गति से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर में सवार रामचंद्र आयु (50 वर्ष) उछलकर सड़क पर जा गिरे, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, तथा ट्रैक्टर में सवार अन्य दो युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जिसको एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## कंचनपुरी में ट्रंचिंग ग्राउंड के विरोध में निकाली आक्रोश रैली

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत हल्दूखाता के कंचनपुरी में नगर निगम द्वारा ट्रंचिंग ग्राउंड बनाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने सोमवार को तहसील परिसर तक आक्रोश रैली निकाल कर नगर निगम के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। सोमवार को कंचनपुरी कूड़ा निस्तारण विरोध संघर्ष समिति के बैनर तले उत्तराखंड क्रांति दल और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आए स्थानीय लोगों ने ट्रंचिंग ग्राउंड के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने एकजुट होकर संघर्ष करने और कानूनी प्रक्रिया अपनाने पर भी जोर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सभी क्षेत्रवासियों को एकजुट होकर ट्रंचिंग ग्राउंड का विरोध करना होगा। कहा कि खुले में कूड़ा डंप होने से इलाके में बीमारियां फैल सकती हैं और महामारी का खतरा पैदा हो सकता है। निगम गाड़ीघाट से ट्रंचिंग ग्राउंड को हटाकर भाबर क्षेत्र में शिफ्ट करना चाहता है, जिसका विरोध लगातार जारी रहेगा। कहा कि मालन नदी के किनारे ट्रंचिंग ग्राउंड बनने से जहां नदी प्रदूषित होगी, वहीं क्षेत्र का पर्यावरण भी प्रदूषित होगा। कहा कि निगम के इस प्रयास का विरोध लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शन करने वालों में नरेश धस्माना, सूरज कांति, राम कंडवाल, प्रमोद रावत, देवेंद्र सिंह, मोहन सिंह, कमला देवी, चंपा देवी, राजेश्वरी देवी, सीमा, सरोज देवी, कृष्णा, गीता और शांता देवी सहित बड़ी संख्या में भाबर निवासी शामिल रहे। **उधर, इस संबध में मेयर शैलेंद्र रावत ने कहा कि जनता का अहित किसी हाल में नहीं होने दिया जाएगा। वहाँ पर डंपिंग जोन नहीं बनाया जा रहा है।**

## रामकथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं- पंडित राम रसिक

### टपरौला में शुरू हुई श्रीराम कथा

**नहटौर ( चिंगारी )।** निकटवर्ती ग्राम टपरौला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन चरित्र पर आधारित नौ दिवसीय 'श्रीराम कथा' का भव्य शुभारंभ हो गया है। कथा के प्रथम दिन ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया और जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।



पंडित राम रसिक

कथा के प्रथम दिन व्यासपीठ पर विराजमान विख्यात कथावाचक पंडित राम रसिक जी महाराज व अंकित भारद्वाज ने श्रीराम कथा की महिमा और इसके महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि रामकथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह हमें जीवन जीने की सही कला सिखाती है। वर्तमान समय में भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाना बेहद जरूरी है। यह कथा असल में चरित्र निर्माण की कथा है, जिसकी आज के समाज को सबसे ज्यादा आवश्यकता है। इस नौ दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान सचिन चौहान और उनकी पत्नी मनोरमा चौहान रहे। उन्होंने ग्राम टपरौला सहित आसपास के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार कथा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ कमाने की अपील की है। समिति द्वारा बताया गया कि कथा के समापन पर प्रतिदिन महाआरती और मुख्य प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कथा में विनोद चौहान, हिमांशु, केशव कुमार, मदनपाल सिंह, संदीप कुमार, वरुण कुमार, आलोक कुमार, अमित कुमार, परविंदर सिंह, ब्रजेश कुमार, रजत कुमार, कोमल सिंह, जोनी, रूपेश सिंह, निकुल, नीलू, तपिश, आयुष, आशु, अभय, यश, राजन, कनिष्क, प्रिंस, परी, गौरी, शिल्पी, ममता देवी, भावेश देवी, चित्रा देवी, कामा देवी, नेहा, अंजली, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, रानी देवी, नीतू देवी, नूतन देवी, मुस्कान, आकांक्षा और आशा देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अशासकीय कॉलेजों में शिक्षक-नियुक्ति आयोग द्वारा हो

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने प्रदेश सरकार से अशासकीय इंटर कालेजों में शिक्षकों की नियुक्ति राज्य लोक सेवा आयोग तथा राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से कराने की मांग की है। संघ प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि प्रशिक्षित इस मांग को लंबे समय से करते चले आ रहे हैं। मौके पर उन्होंने पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश की तरह उत्तराखंड में भी अशासकीय विद्यालयों में होने वाली नियुक्तियों में अधिकतम आयु सीमा का प्रावधान न रखने की मांग भी की।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## सढोली गांव में वेद की ऋचाओं से महका एक आंगन

डॉ. श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

**रुड़की ( चिंगारी )।** देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार जनपद में रुड़की के निकट एक गांव है सढोली। इस गांव में अशोक कुमार शर्मा व उमा देवी ने यजमान बनकर तीन दिवसीय एक ऐसे वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जिसमें आहुति देने के लिए सैकड़ो की संख्या में आर्यत्व से प्रेरित लोग शामिल हुए। दिल्ली से आए आर्य समाज के विद्वान आचार्य हरिप्रसाद ने प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे दोपहर तक और फिर शाम को साढ़े चार बजे से साढ़े सात बजे तक वेद ज्ञान पर चर्चा की और यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिदिन दोनों समय यज्ञ सम्पन्न कराया। आचार्य हरिप्रसाद ने कहा कि परमात्मा को भोग लगाने का सर्वोत्तम माध्यम यज्ञ है, यज्ञ में आहूत सामग्री ही भगवान तक पहुंचती है ,साथ ही यज्ञ से वातावरण शुद्धि होती है,जो हमारे पर्यावरण संतुलन का आधार है। आर्यत्व में रचे बसे अमित व सुमित के साथ ही वैज्ञानिक चंद्रकांत शर्मा की व्यवस्थाओं से सुसज्जित इस यज्ञ से तीन दिनों तक सढोली गांव में मंगल हुआ। दूर दराज से आए आर्य



प्रेमियों ने चारों वेदों की ज्ञान चर्चाओं में भागीदारी की, जबकि चंदेना कोली से आए भजनोपदेशक अमरेश आर्य ने भगवान को समर्पित भजनों से सबका मन मोह लिया। इस यज्ञ में अपनी निष्ठा आहुति देने पहुंचे फ़िल्म निर्देशक डॉ. सुभाष अग्रवाल ने महर्षि दयानंद के सत्यार्थ प्रकाश से लेकर स्वयं की लिखी पुस्तक 'हिंदी पत्रकारिता में महर्षि दयानंद का योगदान, पर चर्चा की। वही स्वयं के द्वारा निर्मित डाक्यूमेंट्री फ़िल्म स्वामी श्रद्धानंद व महर्षि दयानंद समेत अनेक फिल्मों को समाज के लिए प्रेरक बताया।

### वेद जीवन का आधार - डॉ. आनंद भारद्वाज

**इस अवसर पर उत्तराखंड के संस्कृत शिक्षा निदेशक रहे डॉ आनन्द भारद्वाज ने कहा कि वेद जीवन का आधार है ।उन्होंने शून्य व अनन्त की उत्पत्ति का आधार भी वेद को ही बताया। उन्होंने वेद श्लोकों व संस्कृतनिष्ठ सम्बोधन से आर्य समाज व महर्षि दयानंद की समाज को राह दिखाने वाली सोच की सराहना की। कार्यक्रम में अंग्रेजी के प्रवक्ता रहे 90 वर्षीय आनन्द स्वरूप आर्य,रसायन विज्ञान के विद्वान 88 वर्षीय यशवीर सिंह ,पूर्व प्रधानाचार्य मानपाल सिंह आदि ने सढोली गांव से उठी वैदिक यज्ञ की लपटों को आध्यात्मिक अलख की संज्ञा दी।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# सड़क हादसे में महिला व एक वर्षीय पुत्र की मौत

## बाइक चालक महिला के देवर की हालत गंभीर, कार और बाइक की भीषण टक्कर से हुआ हादसा

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। कार व बाइक की भीषण टक्कर में बाइक सवार महिला व उसकी गोद में मौजूद एक वर्षीय अबोध बालक की मौत हो गई जबकि बाइक चालक महिला का देवर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में कार भी बुरी तरह क्षतिस्त हो गई। मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक ग्राम शाहपुर जमाल निवासी अमित कुमार सोमवार की शाम अपनी भाभी आंचल देवी (28 वर्ष) व उसके एक वर्षीय पुत्र विराज को बाइक पर बैठाकर दवाई दिलाने भूतपुरी गया था। दवाई लेकर लौटते समय ग्राम माननगर के सामने फोरलेन कट के पास बाइक व कार की भीषण टक्कर में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर परिजन व पुलिस भी मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ ले गए जहां चिकित्सक ने आंचल देवी व उसके एक वर्षीय बालक विराज को मृत घोषित कर दिया जबकि मृतका के देवर बाइक चालक अमित कुमार को गम्भीरा हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मृतका महिला व उसके मृतक पुत्र के शवों को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है तथा कार को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बतादें कि मृतक बालक विराज का तीन दिन पूर्व पहला जन्मदिन था जिस उपलक्ष में पंजाब में नौकरी करता उसका पिता जन्मदिन मनाने के लिए आकर अगले दिन वापस चला गया था। परिवार में खुशियों का माहौल अचानक मातम में बदल जाने से आसपास में भी शोक की लहर है।



मृतक महिला का फाइल फोटो।

### 10 रुपये का लालच देकर बच्चे से खेत में काम कराया

नहटौर ( चिंगारी )। ग्राम बल्लाशेरपुर निवासी महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि गाँव के ही कुछ लोगों ने उसके नाबालिग बेटे को 10 रुपये का लालच देकर उससे खेतों में काम करवाया। अत्यधिक शारीरिक श्रम और रस्सी के दबाव के कारण कन्हैया के दोनों कंधों व कमर पर गंभीर चोट आई है। जिससे उसे चलने फिरने में कठिनाई हो रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने प्रभारी निरीक्षक नहटौर को शिकायत की जांच कर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है।











